# मनरेगा से बुडरा नरवा को मिला नया जीवन

» खरीफ के साथ अब रबी फसलों के लिए भी मिल रहा पानी

» बमुश्किल सितम्बर तक बहने वाले बुडरा नरवा में अब फ़रवरी तक पानी, पंचायत की डेढ़ साल की मेहनत रंग लाई



**रायपुर (आरएनएस)।** जल-संचय और जल-स्त्रोतों के संरक्षण-संवर्धन के लिए मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के माध्यम से हो रहे कार्यों से खेती-किसानी को मजबूती मिल रही है। इनके जरिए सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से किसानों की आजीविका सशक्त हो रही है। कोंडागांव में बुडरा नरवा (नाला) के उपचार से 25 किसानों को खरीफ के साथ ही रबी फ़सलों के लिए भी पानी मिल रहा है। पहले बमुश्किल सितम्बर माह तक बहने वाले नरवा के ड्रेनेज ट्रीटमेंट और कैचमेंट एरिया ट्रीटमेंट के बाद अब यह फ़रवरी माह तक बह रहा है। ग्राम पंचायत द्वारा बुडरा नरवा के पुनर्जीवन के लिए किए गए योजनाबद्ध कार्यों ने किसानों की खुशहाली और समृद्धि का रास्ता खोल दिया है।

कोंडागांव जिले के माकड़ी विकासखंड मुख्यालय से पांच किलोमीटर की दूरी पर ग्राम पंचायत पीढ़ापाल है, जहां से होकर यह बुडरा नरवा बहता है। नजदीक के राकसबेड़ा गांव के घने जंगलों से निकलने वाला यह नरवा पीढ़ापाल ग्राम पंचायत की सीमा से होकर करीब पांच किलोमीटर की यात्रा करते हुए नारंगी नदी में जाकर मिल जाता है। मनरेगा के माध्यम से नरवा उपचार के बाद कभी सितम्बर तक सूख जाने वाले इस नरवा में अब बरसात के बाद पांच महीनों तक पानी भरा रहता है। बुडरा नरवा की इस कायापलट में पीढ़ापाल पंचायत की डेढ़ साल की मेहनत लगी है। वहां नरवा उपचार के तहत नरवा के भीतर और उसके सतह क्षेत्र (एरिया) में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कई कार्य किए गए हैं, जिससे खरीफ और रबी दोनों मौसमों में आसपास के खेतों में हरियाली की चादर फैली रहती है।

**33 संरचनाओं के माध्यम से किया गया है नरवा ड्रेनेज ट्रीटमेंट-** पिछले साल (2020 में) जनवरी-फ़रवरी में बुडरा नाले के भीतर 'ड्रेनेज लाइन ट्रीटमेंट' और नरवा के बाहरी हिस्से में 'कैचमेंट एरिया ट्रीटमेंट' के लिए मनरेगा से जल संरक्षण एवं जल संचय के लिए संरचनाओं का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। ड्रेनेज लाइन ट्रीटमेंट के अंतर्गत नरवा के भीतर ब्रशवुड चेकडेम की 22, अर्दन गलीप्लग की चार, लूज बोल्डर चेकडेम की तीन और अंडरग्राउंड डाइक की चार जल संरक्षण संरचनाएं बनाई गई। इससे जहां जलस्तर में सुधार देखने को मिल रहा है, वहीं नरवा से लगी भूमि में नमी की मात्रा बनी रहने लगी है। इससे आसपास के 25 किसान लाभान्वित हो रहे हैं।

**कैचमेंट एरिया ट्रीटमेंट के लिए बनाई गईं रिचार्ज पिट एवं डबरियां-** बुडरा नरवा का कैचमेंट एरिया करीब 791 हेक्टेयर है। इतने बड़े क्षेत्र में गिरने वाले वर्षा जल को संरक्षित कर भू-जल का स्तर बढ़ाने के लिए 150 रिचार्ज पिट बनाए गए हैं। कैचमेंट एरिया ट्रीटमेंट के लिए स्वीकृत दस डबरियों में से छह डबरियां भी बना ली गई हैं। डबरी निर्माण से भू-जल स्तर में वृद्धि के साथ-साथ खेतों में जल संचय का साधन भी किसानों को मिल गया है। इसका उपयोग वे अल्प वर्षा या खेतों के सूखने की स्थिति में अपनी फ़सलों को बचाने में कर रहे हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### झोलाछाप डॉक्टरों के क्लिनिक्स पर स्वास्थ्य विभाग ने मारा छापा

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में झोलाछाप डॉक्टरों की बढ़ती संख्या जहां प्रदेश की आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है वहीं आज अवैध डिग्रीधारी लगभग आधा दर्जन डॉक्टरों पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापा मार कार्रवाई कर उनके अस्पतालों की जांच की। मिली जानकारी के अनुसार सिमगा, नांदघाट क्षेत्र के चिकित्सालयों यथा मुस्कान होमियोपैथिक, शिवनाथ क्लिनिक, विनायक क्लिनिक , वर्मा दवाखाना, जेपी मेडिकल स्टोर आयुष हास्पिटल एवं शिवनाथ हास्पिटल समेत अन्य अस्पतालों में छापामारी के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम को नर्सिंग होम एक्ट के तहत अनियमितताएं मिली। स्वास्थ्य विभाग की टीम के संजीवनी हास्पिटल पहुंचने पर वहां भी डॉक्टर नदारत मिले वहीं पंजीयन के कागजात भी नहीं मिले। सूत्रों के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम को विनायक क्लिनिक में ओपीडी में बैठे डॉक्टर बृजमोहन निषाद की डिग्री नहीं मिली। इसके अलावा आयुष हास्पिटल में भी नर्सिंग होम एक्ट के तहत पंजीयन के बाद भी अनियमितताएं मिली जिन्हें सुधारने के तत्काल निर्देश अस्पताल प्रबंधन को दिये गये हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी छापामार कार्रवाई जारी रहेगी। जिन अस्पतालों में अनियमितताएं मिलेंगी उनके खिलाफ स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### किराया मांगने पर ऑटो चालक को पीटा

**कोरबा (आरएनएस)।** शहर में एक यात्री ऑटो में सवार होकर अपने घर तक पहुंचा। जहां ऑटो चालक ने किराया मांगा तो पैसा देने के बजाए मारपीट किया। शहर के नेहरू नगर कुंआ भटठा निवासी जलालुद्दीन ऑटो चालक है। मंगलवार की दोपहर 1 बजे वह घंटाघर चौक से सवारी लेकर बालको जा रहा था। इस दौरान कोसाबाड़ी के पास संजय दास महंत उर्फ ऑटो केशरिया मिला। जिसने घर तक छोड़ने को कहा। जलालुद्दीन ने उसे आईटीआई स्थित फॉरेंसिक ऑफिस के पास छोड़ा। जहां किराया मांगने पर संजय दास ने झगड़ा करते हुए ऑटो में रखे रॉड से उसे मारते हुए धमकी दी। जलालुद्दीन के सिर पर चोट लगने पर वह भाग गया। जलालुद्दीन ने रामपुर चौकी पहुंचकर घटना की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने आरोपी संजय दास के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### प्लेसमेंट केम्प का आयोजन कल

**रायपुर (आरएनएस)।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिनांक 24 जुलाई शनिवार को रोजगार कार्यालय रायपुर, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर. जी.ई. रोड, रायपुर में प्लेसमेंट कैम्प आयोजित है। प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से निजी क्षेत्र के नियोजक बाव्या हेल्थ सर्विस प्रा0लिमि0 एवं उमादेवी बहुउद्देशीय शिक्षण संस्था, रायपुर द्वारा लैब टेक्निशियन (डी.एम.एल.टी. उत्तीर्ण). कम्प्यूटर ऑपरेटर (पी.जी.डी.सी.ए. के साथ हिन्दी टायपिंग उत्तीर्ण) एवं फील्ड सुपरवाईजर (स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि कृषि संकाय में उत्तीर्ण) के कुल 20 पदों पर अधिकतम 12,000 रूपये प्रतिमाह वेतनमान पर योग्य अन्यर्थियों की भर्ती की जानी है। इन पदों पर भर्ती हेतु योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि 24 जुलाई को अपनी शैक्षणिक एवं तकनीकी शिक्षा तथा अनुभव प्रमाण पत्र की छायाप्रतियों के साथ प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक अपनी उपस्थिति देवें। आवेदक सोशल डिस्टेटिंग का पालन करते हुए प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होंगे।

# मैत्री बाग एवं भेलवा तालाब जैसे अन्य पार्क अब खुलेंगे

**भिलाईनगर, (आरएनएस)।** नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र के प्रमुख तालाबों, उद्यानों, खेलकूद परिसर आज से फ़िर गुलजार होंगे, लंबे समय के बाद लोग उद्यानों, तालाब किनारे चहलकदमी कर सकेंगे। कोरोना महामारी के संक्रमण के रोकथाम के लिए बंद किए सार्वजनिक स्थानों को फ़िर से शुरू करने निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने आदेश जारी किया है। कोविड 19 के नियमों का पालन करते हुए मरोदा के मैत्री गार्डन, सेक्टर 05 के शहीद पार्क, शहीद राजेश पटले स्पोर्ट्स कंपलेक्स सेक्टर 2,भेलवा तालाब नेहरू नगर, खुर्सीपार का बापू नगर उद्यान एवं वार्ड क्रमांक 25 का जवाहर नगर स्पोर्ट्स कांपलेक्स को इनके प्रचलित समय पर खोलने की अनुमति आयुक्त द्वारा प्रदान कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी किये संशोधित आदेश के तहत सभी वाटर पार्क, थीम पार्क, सिनेमा हॉल/थिएटर, स्विमिंग पूल तथा सामूहिक स्थल आम जनता के लिए खोले जाने के निर्देश के तहत भिलाई निगम प्रशासन द्वारा निगम क्षेत्र के तालाबों, उद्यानो, खेलकूद मैदानो को शुरू किया जाएगा, जिसका आदेश आज जारी हो गया है। कोविड 19 संक्रमण के बढ़ने के कारण इसके रोकथाम के लिए निगम द्वारा प्रमुख सार्वजनिक स्थलों को बंद किया गया था, ताकि लोग एक दूसरे के संपर्क में आने से बचे और संक्रमण को नियंत्रित किया जा सके!

# सरकार ने किसान पुत्रों को सौंपी किसानों के कल्याण की जिम्मेदारी - मुख्यमंत्री

» राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष एवं सदस्यों का पदभार ग्रहण समारोह



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है, कि छत्तीसगढ़ की सरकार, किसानों की सरकार है। राज्य में खेती-किसानी को समृद्ध बनाने और किसानों के कल्याण और खुशहाली की जिम्मेदारी उनकी सरकार ने किसान पुत्रों एवं वर्षों से कृषि से जुड़े अनुभवी लोगों को सौंपी है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि इसका लाभ राज्य के किसान भाइयों को मिलेगा। मुख्यमंत्री बघेल आज अपने निवास कार्यालय से छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष अग्नि चंद्राकर, सदस्य जालम सिंह पटेल, दिलीप पांडे एवं शंकर बघेल के पदभार ग्रहण समारोह को वर्चुअल रूप से संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर बीज निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य में कृषि के क्षेत्र और किसानों की बेहतरी के लिए बहुत काम करने की जरूरत है। धान की खेती के साथ-साथ अन्य फ़सलों की खेती, उद्यानिकी और वृक्षारोपण को सरकार बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि धान के साथ-साथ अन्य फ़सलों के अच्छे क्वालिटी के बीज का उत्पादन राज्य में हो, किसान लाभकारी फ़सलों की खेती के लिए आगे आए, यह प्रयास हम सबको करने की जरूरत है। उन्होंने कृषि और किसानों की बेहतरी के लिए सर्व अग्नि चंद्राकर, जालम सिंह पटेल, शंकर बघेल सहित कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा के कार्यों की सराहना की और कहा कि छत्तीसगढ़ के किसान भाइयों को इनके अनुभव का लाभ मिलेगा। कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है। राज्य का सर्वांगीण विकास और गांवों में खुशहाली, कृषि पर निर्भर है।

# सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 : ऑनलाईन आवेदन के लिए वेबपोर्टल निर्माण का कार्य प्रगति पर

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्य राज्य सूचना आयुक्त के निर्देशानुसार सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत आवेदन प्राप्त करने के लिए ऑनलाईन वेबपोर्टल का निर्माण किया जा रहा है। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत आवेदन प्राप्त किए जाने हेतु ऑनलाईन वेबपोर्टल के साफ्टवेयर तैयार हो जाने से आवेदक जनसूचना अधिकारी, प्रथम अपीलीय अधिकारी और द्वितीय अपील के आवदेन के साथ अधिनियम के तहत वांछित शुल्क ऑनलाईन जमा किया जा सकेगा।

मुख्य राज्य सूचना आयुक्त एम. के. राउत ने बताया कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन प्राप्त करने के लिए भारत सरकार के सभी विभाग सहित कुछ राज्यों के द्वारा वेबपोर्टल बनाया गया है। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन वेबपोर्टल के साफ्टवेयर तैयार हो जाने से आवेदक जनसूचना अधिकारी/प्रथम अपीलीय अधिकारी और द्वितीय अपील के आवदेन के साथ अधिनियम के तहत वांछित शुल्क ऑनलाईन जमा कर सकेगें, इससे समय और अनावश्यक व्यय से बचा जा सकेगा।

माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में प्रस्तुत याचिका क्रमांक 360-2021 किशन चंद बनाम भारत संघ एवं छत्तीसगढ़ शासन के साथ ही राज्य सूचना आयोग को भी पक्षकार बनाया गया है। इस याचिका में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन प्रेषित करने के लिए वेबपार्टल निर्माण की मांग की गई है। इसी प्रकार माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में प्रस्तुत याचिका क्रमांक 1040-2019 प्रवासी लीगल सेल बनाम भारत संघ एव अन्य में छत्तीसगढ़ शासन को नाटिस जारी कर सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत ऑनलाईन आवेदन प्राप्त करने के लिए वेबपार्टल निर्माण की मांग की गई है।

कोविड-19 के गाईड लाईन को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्राप्त किए जाने के संबंध में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एन आई सी) मंत्रालय को उल्लेखित पोर्टल बनाने के संबंध में निर्देश छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग को दिए हैं। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एन आई सी) द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत आवेदन प्राप्त किए जाने हेतु ऑनलाईन वेबपोर्टल का निर्माण किया जा रहा है।

# ईनामी नक्सली जनमिलिशिया कमाण्डर ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन लोन वर्राटू अभियान के तहत एक लाख के ईनामी नक्सली गंगालूर डुवालीपारा जनमिलिशिया कमाण्डर सुदरूराम उर्फ दूला हेमला पिता बुधू हेमला उम्र 33 वर्ष निवासी गंगालूर डुवालीपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर ने सीआरपीएफ पुलिस उप महानिरीक्षक विनय कुमार सिंह, दंतेवाड़ा एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव, कमांडेंड 231 वाहिनीं सुरेन्द्र सिंह सीआरपीएफ, टू.आई.सी 231 वाहिनी राजीव यादव, अति. पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल एवं ब्रजेश कुमार पाण्डेय के समक्ष हथियार के साथ आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आत्मसमर्पित नक्सली जनमिलिशिया कमाण्डर सुदरूराम उर्फ दूला पिता बुधू हेमला वर्ष 2017 में ग्राम चेरली थाना मिरतुर के जंगल/पहाड़ी में एम्बुश लगाकर 02 पुलिस जवानों को शहीद करने की घटना में शामिल था। इसके अलावा नक्सली बंद के दौरान सड़क खोदकर एवं पेड़ गिराकर मार्ग अवरोध करने, आईईडी लगाने एवं नक्सली बेनर, पोस्टर एवं पाम्पलेट लगाने की घटना में शामिल था।

# दिनदहाड़े फ्लैट में डकैती करने घुसे 8 आरोपी गिरफ़्तार



**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के खम्हारडीह थाना क्षेत्र के गीतांजलि नगर स्थित काशी अपार्टमेंट में एक कारोबारी के घर दिनदहाड़े डकैती को अंजाम देने पहुंचे 8 आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा।

कारोबारी विकास कुमार के घर कुछ दिन पहले ही इनकम टैक्स का छापा पड़ा था। जिसके बाद आरोपियों ने विकास को करोड़पति होने के चलते टारगेट कर उसके घर पर डकैती करने की योजना बनाई। बुधवार दोपहर 12 बजे की है जब मूलतः उत्तरप्रदेश निवासी दिनेश वर्मा व उसका चचेरा भाई विशाल वर्मा काशी अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 605 पर डकैती करने के लिए पहुंचते हैं। बताया जाता है कि डकैत अपार्टमेंट पर तैनात गार्ड को स्वयं का इलेक्ट्रीशियन होना बताकर फ्लैट में प्रवेश करते है और बाकायदा डकैती के लिए टेप, बोरी सहित क्लोरोफॉर्म जैसे सामानों को बैग में भरकर साथ लाते हैं। घर पर विकास नहीं होता है परंतु उसकी पत्नी अंजलि देखती है कि दोनों आरोपी घर के अंदर चाकू लेकर चले आ रहे हैं, अंजलि के धक्का देने और चिल्लाने पर पड़ोसियों द्वारा आरोपियों को धरदबोचा जाता है। जिसके बाद फ्लैट के बाहर खड़े तीन युवक कार सहित फ़रार हो जाते हैं। पुलिस ने बताया कि लगातार डकैत काशी अपार्टमेंट पर रेकी कर रहे थे। इस साजिश के पीछे का मास्टरमाइंड भी पकड़ा गया है जो चचेरे भाई आरोपियों का भांजा अकाउंटेंट है, जो 2 माह पूर्व ही कारोबारी विकास के यहां काम छोड़ता है।

आरोपियों ने पूछताछ में कबूला है कि वहां लगातार डेढ़ महीने से इस साजिश की तैयारी रच रहे थे और एक्टिवा व कार से सैकड़ों बार रेकी भी किया था। इस मामले में पुलिस ने भानूप्रतापपुर निवासी दो युवकों सहित भिलाई निवासी दो युवक व रायपुर निवासी चार युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट सहित आईपीसी की अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य तथा में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# शिक्षक सम्मान समारोह : शिक्षा के प्रति समर्पण का सम्मान



**रायपुर (आरएनएस)।** स्कूली बच्चों का भविष्य गढ़ने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक सरोकार से जोड़ने के लिए पूरी निष्ठा और लगन के साथ जुटे रहने वाले शिक्षकों का सम्मान वास्तव में शिक्षा के प्रति उनके समर्पण का सम्मान है। आज प्रदेश की राज्यपाल सु अनसुईया उइके एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षकों ने अपने अध्यापन शैली, विविध नवाचार एवं सामाजिक दायित्वों के माध्यम से नये आयाम स्थापित किए हैं।

आज राज्य शिक्षक सम्मान स्मृति पुरस्कार 2020 हेतु चयनित ऐसे शिक्षकवृंद जिन्हें राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने शॉल-फ्ल और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया और यह उम्मीद जताई कि शिक्षा के क्षेत्र में सम्मानित शिक्षकों के कार्य अन्य शिक्षकों के लिए अनुकरणीय होंगे। राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होने वाली मधु शर्मा महासमुंद जिले की शासकीय राम उच्च प्राथमिक शाला में पदस्थ हैं। वे शाला को सुव्यवस्थित रखने के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक कार्यों में भी सहभागिता प्रदान करती हैं। स्काउट गाइड में सक्रिय भूमिका निभाने के अलावा अस्मिता नारी सम्मान से भी सम्मानित हो चुकी हैं।

महासमुंद जिले की पिथौरा की शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक नरेश कुमार नायक ने टीएलएम और नवाचार का प्रयोग करते हुए बच्चों के विकास के लिए स्कूल में ही अतिरिक्त कक्षाएं लगाई साथ ही ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी कोर्स का रिवीजन और विषय की जटिलता दूर करने के उद्देश्य से कक्षाएं पूर्ण की। लीना वर्मा व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचेड़ा रायपुर ने रसायन विज्ञान विषय में नवाचार के लिए आईआईटी दिल्ली, एमएचआरडी से राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हैं। लीना वर्मा मिनीमाता महिला सशक्तिकरण अवार्ड से भी सम्मानित हो चुकी हैं। रायपुर जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोला के व्याख्याता राम गोपाल वर्मा संस्कृत विषय के कर्तव्यनिष्ठ अनुशासित एवं समय के पाबंद शिक्षक हैं। उन्होंने स्कूल में शैक्षिणिक गतिविधियों के अलावा योग, व्यायाम, खेल-कूद, वृक्षारोपण, सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यों द्वारा बच्चों को लाभान्वित किया।